# खबर संक्षेप

## इंटर स्कूल स्पोर्ट्स स्पर्धा के पुरस्कार वितरण

सौंसर। बोरगांव के भगवती सेलीबेशन हॉल में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता (प्राइवेट स्कूल का पुरस्कार वितरण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अशासकीय शाला संघ, छिंदवाड़ा के अध्यक्ष आंतनुदास गुप्ता, मनीष तिवारी,उमाजी चिपड़े, चित्रसेन रबड़े, चैनसा यादव, शेषराव बीरे, विजय शाह, गौरव पराडकर,थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा का पूजन माल्यार्पण के साथ किया। सभी खेलों में भाग लेने वाले 452 विजेता एवं उपविजेता छात्रों को बधाई देते हुए पुरस्कार वितरित किए। आयोजन को संबोधित करते हुए वक्ताओं के द्वारा प्राइवेट स्कूल के द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ही स्कूली छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है ऐसे आयोजन हर वर्ष होने चाहिए।इस खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने , कबड्डी, खो- खो , क्रिकेट, कुर्सी दौड सहित अन्य खेलों में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गयाइस कार्यक्रम में प्राचार्य नीलेश ठाकरे, हर्षल काले, धीरज घूगल, अंकित ब्रम्हे, भारत रंगारे, अनंत फंसाटे, रवि कोठेकर तथा सभी स्कूलों से पधारे संचालक, प्राचार्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत तथा नृत्य की प्रस्तुत भी दी गई।

## बौद्ध विहार में हुआ प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण

पारडसिंगा। रविवार को ग्राम खैरीतायगावमें परीक्षा परिणाम घोषित गए है।मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में बुद्ध धर्म का प्रचार प्रसारों इस देश को लेकर बोधिसत्व विकास समिति के तत्वाधान में और बुद्धधम्म प्रचार समिति के सहयोग बुद्ध विहार में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार खैरितागाव के बौद्ध विहार में 23 नवंबर को प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसके पुरस्कारों का वितरण हाल ही में किया गया था। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा अभिवादन एवं बुद्ध वंदना के साथ किया गया,पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बुद्ध धम्म प्रचार समिति अध्यक्ष डॉ वाय. एल. ठवरे,मुरलीधर कामले मौजूद रहे।

### ट्रैक्टरों से ढुलाई, रेंजर और वनअमले की भूमिका पर गंभीर सवाल

# कट रहा जंगल बिक रहा सिस्टम

## तामिया रेंज के कुआंबादला सर्कल का मामला



तामिया क्षेत्र के कुआंबादला सर्किल में वन संपदा की अवैध तस्करी इन दिनों सुर्खियों में है। दिनदहाड़े ट्रैक्टर क्षेत्र से निकलते है। रास्ते तय है चालक बेखौफ है। जिसमें सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है कि बिना स्थानीय वनअमले की जानकारी या संरक्षण के यह कैसे संभव है। दरअसल इस रेंज में रेंजर और कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत के आरोप लंबे समय से लगाए जा रहे है। अधिकारी कहते है कि आरोप निराधार है पर सवाल फिर वही जस का तस है। अगर आरोप निराधार है तो ट्रैक्टरों की नियमित आवाजाही पर रोक क्यों नहीं। जब्ती और पंचनामा की कार्यवाही नगण्य क्यों। तस्करी के हॉट स्पॉट पर स्थायी चैकिंग क्यों नहीं।

### यह लूट सिर्फ जंगल की नहीं बल्कि कानून, जिम्मेदारी और सरकारी भरोसे की है

तामिया वनपरिक्षेत्र का कुआंबादला सर्कल अब जंगल नहीं बल्कि वनमाफियाओं की खुली मंडी बनता जा रहा है। कुर्सीढाना, फांसीढाना, बांगई, घटलिंगा की कीमती वनसंपदा की खुलेआम तस्करी हो रही है और हैरानी की बात है कि वनविभाग आंखे मूंदे बैठा है। स्थानीय ग्रामीणों का दावा है कि दिन हो या रात ट्रैक्टर जंगल से भर भरकर निकल रहे है और रेंजर की चुप्पी से वनमाफिया बेखौफ है। यदि विभाग ईमानदार है तो बताए अब तक कितनी एफआईआर दर्ज हुई। कितने ट्रैक्टर जब्त हुए और किस रेंजर ने कितनी बार छापामार कार्यवाही की। अगर जवाब शून्य है तो यह सबसे बड़ा सबूत है कि **जंगल कट रहा है, सिस्टम बिक रहा है।** यह लूट केवल पेड़ों की नहीं बल्कि कानून जिम्मेदारी और सरकारी भरोसे की है। तामिया जैसे संवेदनशील जैसे वनक्षेत्र से इस तरह की बेलगाम वनतस्करी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर सीधा हमला है। संरक्षण की शपथ लेने वाले अधिकारियों की नीयत में खोट है। अगर इस खबर के बाद भी बड़ी कार्यवाही नहीं हुई तो यह साफ मान लिया जाएगा कि वनमाफिया नहीं बल्कि सिस्टम में रहकर संरक्षण प्राप्त अपराधी जंगल चला रहे है। अगर वक्त रहते कठोर निर्णय नहीं लिए गए तो इतिहास में यह समय तामिया के जंगल में लूटकांड के नाम से दर्ज हो जाएगा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया (बाबा ठाकुर)

तामिया रेंज की कुआं बादला सर्कल के कुर्सी ढाना,फांसी ढाना, बागई भाडी घटलिगा के जंगलों में कई दिनों से रेत का अवैध उत्खनन वन कर्मियों की मिली भगत से लगातार हो रहा है जिसमें दिखावे के लिए नापसंद लोगों के ट्रैक्टर भी जप्त कर कुआं बादला वन चौकी में खड़े कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। लेकिन इसकी हकीकत कुछ और है। संरक्षण में चल रहे ट्रैक्टर जंगलों के अंदरूनी हिस्सों में वेखौफ वन संपदा को नष्ट करते हुए नदियों से रेत का अवैध उत्खनन करते चले आ रहे हैं। इसके साक्ष्य धाड नदी, बांगई जंगल की नदियां में मुख्य सड़क से प्रवेश कर रहे ट्रैक्टरों के निशान साफ देखे जा सकते हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण घट लिंगा मार्ग पर मुनारा क्रमांक 771 के बाजू से कई ट्रैक्टर गोंद्रा नदी में प्रवेश करते हैं जिनके निशान अब सड़क का रूप धारण कर चुके हैं। बावजूद इसके कार्रवाई नहीं किए जाने से रेंजर एवं उपवनमंडल अधिकारी की कार्य प्रणाली पर अब लोग सवाल उठाने लगे हैं। मुख्य मार्ग किनारे के निशान आखिर क्यों नहीं दिखते? ग्रामीण बतलाते हैं कि रेत चोरी की शिकायत करने पर नाकेदार एवं रेत चोर ग्रामीणों को धमकाने से भी पीछे नहीं रहते। चोरों के बुलंद हौसलों की बानगी पिछले दिनों भांडी के नाकेदार के अलावा वन कर्मियों को रेत के ट्रक से कुचलने का प्रयास किया गया था, लेकिन अधिकारियों द्वारा साथ नहीं दिए जाने की दशा में उन्होंने देलाखारी पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाने के बजाय लिखित आवेदन दिया, वह भी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस से ऐसा प्रतीत होता है कि वन अधिकारी भी रेत चोरों को अघोषित रूप से मौन स्वीकृति प्रदान किए हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात रेंजर के निर्देश पर नाकेदार डिप्टी रेंजर का एक दल टेल्को वन प्रहरी वाहन से बीती रात जंगल गस्ती में इस उद्देश्य से निकला की क्षेत्र में वन अपराध करने वाले कहीं सक्रिय तो नहीं है और रेत का अवैध उत्खनन जंगल की नदियों से तो नहीं किया जा रहा है और वन प्राणियों के मूवमेंट के मद्देनजर शिकारी तो सक्रिय नहीं है, लेकिन गश्ती दल की जंगल में मौजूदगी के बाद भी फांसीढाना जंगल से कई ट्रैक्टर रेत लेकर दिन के उजाले तक निकले।

इन निकलने वाले वाहनों के कारण गश्ती दल की कार्य प्रणाली पर भी जंगल में हुई बीती रात गश्ती के बाद रेत के वाहनों का निकालना सवाल तो खड़े करता है। यदि वन विभाग को रेत चोरी पकड़ने जहां पर जंगल में ट्रैक्टर वालों ने रास्ता बना डाला है, वहां पहुंचेंगे तो निश्चित ही रेत के वाहन पकड़ में आएंगे। लेकिन जब मिलीभगत एवं इच्छा शक्ति का अभाव हो तो कार्रवाई का होना बेमानी ही साबित होगा, जैसा शनिवार की रात हुआ।

### कब होगी कार्यवाही ?

- अब बड़ा सवाल यह है कि उच्चाधिकारी कब संज्ञान लेंगे।
- स्वतंत्र जांच टीम कब गठित होगी।
-दोषियों पर निलंबन एवं एफआईआर कब दर्ज होगी।
- जंगल का संतुलन और जैव विविधता का खतरे में डालने वाले - -
-जिम्मेदारों पर जवाबदेही तय करने में इतनी देर क्यों
- क्या वनमाफिया कानून से ऊपर है जो अधिकारी मौन स्वीकृति दे रहे

## डॉ योगेश पाल सिंग IDA स्टेट वाईस प्रेसीडेंट मनोनीत



छिंदवाड़ा। इंदौर में आयोजित IDA कांफ्रेंस में डॉ योगेश पाल सिंग को मध्यप्रदेश स्टेट का वाईस प्रसिडेंट मनोनीत किया गया और उनको उत्कृष्ट डेंटल अवेर्नेस के लिए सम्मानित किया गया।

## देलाखारी के छात्र शिवम ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक

### जुन्नारदेव अनुविभाग के लिए और जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा के लिए बड़ी उपलब्धि



हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

जिले के लिए गौरव का विषय बनते हुए पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देलाखारी के कक्षा 12वीं के छात्र शिवम नर्रे ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जुन्नारदेव अनुविभाग सहित जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। भोपाल में इंडियन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सातवीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छात्र शिवम नर्रे पिता श्री सुनील नर्रे ने देशभर से आए प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। शिवम की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सत्येंद्र सिंह मरकाम, सहायक संचालक श्री उमेश सातनकर, पीएम श्री विद्यालय देलाखारी की प्राचार्य श्रीमती पूर्णिमा मिश्रा, ट्राइबल जिला खेल अधिकारी श्री अनुरोध शर्मा, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विभाग के सभी व्यायाम शिक्षकों द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। उल्लेखनीय है कि शिवम नर्रे ने वर्ष 2025-26 में आयोजित विभागीय खेल प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। खिलाड़ी की प्रतिभा को पहचानते हुए उनके कोच श्री जितेंद्र मिश्रा द्वारा उन्हें सुबह-शाम नियमित एवं सघन अभ्यास कराया गया, जिसका सकारात्मक परिणाम राष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिला। वर्तमान में शिवम नर्रे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में व्यायाम शिक्षक श्री प्रणव मंडल के मार्गदर्शन में भोपाल में प्रतिभाग कर रहे हैं। उनकी इस सफलता से जिले के अन्य छात्र-छात्राओं को खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है।

## चौरसिया समाज का स्नेहभोज का आयोजन, अध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया ने किया कार्यक्रम का आयोजन

छिंदवाड़ाः कहते है कि दिल के रिश्ते तो किस्मत से बनते हैं,वरना मुलाकात तो रोज हजारों से होती है। उक्त बाक्या छिंदवाड़ा चौरसिया समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौरसिया ने कहा कि जिस विश्वास के साथ चौरसिया समाज के प्रत्येक परिवार ने मुझे और मेरी टीम पर अटूट भरोसा जताकर पुनः अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है और पूरी टीम को जो सम्मान दिया है यह सम्मान हमारे लिये सम्मान ही नही एक बड़ी जिम्मेदारी है मैं पूरी निष्ठा ईमानदारी से समाज के उत्थान के कार्य करने हेतु कृतसंकल्पित हूं और आप सभी के सहयोग की अपेक्षा रखता हूँ । इस अवसर पर इन्होंने सामाजिक परिचर्चा के साथ साथ स्नेहभोज का भी आयोजन किया जो समय दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम का आयोजन छिंदवाड़ा के पर्यावरण उद्यान भरतादेव में हुआ जिसमें सभी स्नेहीजनो ने इस स्नेहभोज को किया और समाज के उत्थान और विकास का संकल्प लिया इस अवसर पर चौरसिया समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## 22 को होगा विराट हिंदू सम्मेलन, सिंगोड़ी के कबीरवाड़ा स्थल पर होगा हिंदुत्व का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

22 जनवरी को सिंगोड़ी स्थित कबीरवाड़ा स्थल पर विराट हिंदू सम्मेलन का होगा समागमकार्यक्रम संयोजक राजेंद्र कंच ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को सिंगोड़ी में होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन में ओजस्वी वक्ताओं में महामंडलेश्वर ध्रुव नारायण जी सहित श्री सीताराम जी रामायणी बाल विदुषी साक्षी देवी एवं ब्रज रागिनी देवी का क्रांतिकारी उद्बोधन प्राप्त होगा।

कार्यक्रम को लेकर समिति द्वारा व्यापक तैयारी कर ली गई है जिसमें मैदान को सुंदर साजसज्जा कर सजाया जा रहा है वही गांव में केसरिया झंडा एवं तोरण द्वार लगाकर विशेष सजावट की गई है महानगर जबलपुर से आ रहे अखिलेश्वरानंद जी (ध्रुव नारायण जी) महामंडलेश्वर होने के साथ पूर्व गौ संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं आपका उद्बोधन ओजस्वी एवं क्रांतिकारी रूप में जाना जाता हैवही साध्वी साक्षी देवी एवं ब्रज रागिनी देवी अपने सुंदर उद्बोधन द्वारा जन समाज को संबोधित करेंगी हजारों की संख्या में हिंदू सनातनि की भीड़ संत महात्माओं को सुनने के लिए उमड़ेगीजिसमें माता बहनों के बैठने की उचित व्यवस्था समिति के द्वारा की गई है।

कार्यक्रम की दृष्टिगत हिंदू सम्मेलन उत्सव समिति के तत्वाधान में प्रत्येक चौक एवं मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ एवं भारत माता की आरती का सार्वजनिक रूप से आयोजन रखा गया है। 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में विशेष प्रदर्शनी के साथ विशाल भंडारा आम जनमानस एवं क्षेत्रीय लोगों के लिए समिति द्वारा रखा गया है निमंत्रण हेतु प्रत्येक घर पर समिति सदस्यों द्वारा अक्षत देकर उन्हें हिंदू सम्मेलनों के लिए आमंत्रित किया जा रहा है हिंदू सम्मेलन की तैयारी के साथ प्रत्येक मंदिरों एवं सार्वजनिक चौकों को विशेष रूप से सजाया एवं संवारा जा रहा है।

## अवैध खनिज परिवहन करते पकड़ाए चार वाहन, कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देश पर जिला पांढुर्णा अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिए खनिज विभाग के दल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

आज 18 जनवरी को कार्रवाई में पांढुर्णा-बनगांव मार्ग पर खनिज गिट्टी/डस्ट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक डंपर क्रमांक एमपी 38 एच 0220, पांढुर्णा-मोरडोंगरी मार्ग पर खनिज रेत का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक बिना नंबर ट्रैक्टर-ट्राली तथा पांढुर्णा-ड्राईटैक मार्ग पर खनिज मुरूम का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्राली क्रमांक एमपी 28 जेडएल 5910 कुल तीन वाहन पाए गए। इसी प्रकार निरीक्षण के दौरान कल 17 जनवरी को लवाना-कलमगांव मार्ग पर खनिज गिट्टी/डस्ट का अवैध परिवहन करते हुए डंपर क्र. एमपी 40 डीएच 2463 पाया गया।



खनिज नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 4 वाहनों को मय खनिज शासकीय रूप से जप्त किया गया। उक्त डंपर एवं ट्रैक्टर-ट्रालियों को पुलिस थाना पांढुर्णा परिसर में शासकीय अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। खनिज नियमाधीन प्रावधानों का उल्लंघन कर खनिज का अवैध परिवहन किए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है तथा जुर्माना राशि अधिरोपित किए जाने के लिए प्रकरण के निर्णयन के लिए कलेक्टर न्यायालय पांढुर्णा के समक्ष प्रेषित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान सहायक खनि अधिकारी श्री महेश नगपुरे सहित खनिज विभाग का संयुक्त अमला उपस्थित रहा।इस दौरान पांढुर्णा तहसील अंतर्गत लवाना-कलमगांव मार्ग पर खनिज गिट्टी/डस्ट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक डंपर पाया गया। डंपर पर तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को मय जब्त किया गया। फिलहाल डंपर को पुलिस थाना परिसर में शासकीय अभिरक्षा में रखा गया है। वाहन द्वारा खनिज प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए खनिज का अवैध परिवहन किए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है तथा जुर्माना राशि अधिरोपित किए जाने के लिए प्रकरण कलेक्टर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### तुलसी माता एवं गौमाता का किया गया पूजन, अतिथि रहे मौजूद

## पातालेश्वर मंदिर में किया गया हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

पातालेश्वर मंदिर के सामने, महाकाल उपनगर का हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री सुनील देव जी क्षेत्र सामाजिक समरसता प्रमुख, स्वामी वासुदेवानंद जी भारती, घोघरा आश्रम तथा श्रीमती संगीता बेंडे जी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा,भारत माता एवं गौ माता पूजन तथा भूमि पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम वासुदेवानंद जी द्वारा अपना उद्बोधन दिया गया ,जिसमें उन्होंने पंचपरिवर्तन के विषय में पर्यावरण के संबंध में बताया कि कोरोना काल में देश में ऑक्सीजन की आवश्यकता पड़ी और सबने देखा कि जिसके पास करोड़ों रुपए थे वह भी ऑक्सीजन के अभाव में जीवित नहीं रह सके ।उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण के महत्व को बताया उन्होंने बताया कि हिंदू समाज में तुलसी माता एवं पीपल तथा अन्य वृक्षों को जल देने का महत्व है हिंदू समाज वृक्षों की पूजा करता रहा है उसके पीछे कहीं ना कहीं यह उद्देश्य है कि यह वृक्ष हमें आक्सीजन प्रदान करते हैं, इसलिए हम उन वृक्षों के संवर्धन का कार्य करते हैं ।स्वामी वासुदेवानंद जी ने कहा कि हिंदू समाज को संगठित होने की आवश्यकता है पूर्व में हम कश्मीर को जलता हुआ देख चुके हैं ।



जिहादियों ने एक रात में ऐलान किया और हिंदुओं को कश्मीर छोड़कर भागना पड़ा तथा हिंदुओं को कश्मीर में अत्याचार सहने पड़े क्योंकि कश्मीर में हिंदू बटे हुए थे संगठित नहीं थे, जिससे उन्हें पलायन करना पड़ा वर्तमान में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की दयनीय स्थिति बनी हुई है ,साथ ही बांग्लादेश में भी हिंदुओं को जिंदा जलाए जाने की घटनाएं हो रही है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज एक है हमने देखा है कि महाकुंभ में कोई जात-पात नहीं थी ,बल्कि सभी हिंदू एक साथ करोड़ों की संख्या में गंगा जी में स्नान कर रहे थे तथा एक ही पंगत में सभी मिलकर भोजन कर रहे थे एवं उन्होंने कहा कि भारत में सनातन धर्म था है और हमेशा रहेगा । इसके पश्चात श्रीमती संगीता बेंडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में परिवर्तन माता बहनों से ही संभव है ,उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि अगर शिवाजी न होते तो आज हम हिंदुओं का अस्तित्व खतरे में होता ।उन्होंने बताया कि शिवाजी को उनकी माता जीजाबाई द्वारा शिवाजी जी को शस्त्र चलाने में निपुण कर युद्ध कौशल सिखाए ।उन्होंने कहा कि माताएं ही अपने बालकों में बचपन से ही अच्छे गुण एवं संस्कार दे सकती हैं ।

### शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

# अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंडजुन्नारदेव में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित (12 से 26 जनवरी) ग्राम विकास पखवाड़े 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे से विकास खंड स्तरीय स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव देव में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नत्थन शाह उईके, जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन, स्वामी विवेकानंद करियर गाइडेंस प्रकोष्ठ प्रभारी, प्रो. डॉ.एस. के.सेंडे , कन्हा शांति व हार्टफूलनेस संस्थान योग एवं ध्यान की शिक्षा अरविंद परिहार, विकास आठनकर, विकासखंड समन्वयक संजय बामने उपस्थित थे। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक श्री संजय बामने ने कार्यक्रम की रूपरेखा व स्वागत उद्बोधन में बताया कि ग्रामोदय से अभ्युदय म.प्र. का उद्देश्य परिषद के नेटवर्क के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं व दो वर्षों की उपलब्धियों को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों तक पहुँचाकर अंतिम पात्र हितग्राही तक लाभ सुनिश्चित करना है।

### जिला विरांगना इकाई का गठन, डॉ. पल्लवी ठाकुर अध्यक्ष

**पांढुर्णा।** अंतरराष्ट्रीय विरांगना महासंघ, मध्यप्रदेश के अंतर्गत पांढुर्णा जिला विरांगना इकाई का गठन किया गया। इस अवसर पर जिले की विरांगनाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महिलाओं के सम्मान स्वरूप हल्दी-कुमकुम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विरांगनाओं का सम्मान किया गया। यह समारोह के दौरान जिला पांढुर्णा विरांगना महासंघ अध्यक्ष के रुप में डॉ. पल्लवी ठाकुर को मनोनीत किया गया संगठन सचिव श्रीमती संगीता सेंगर, मुख्य संरक्षक श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर, मंडल संरक्षक श्रीमती मीणा कुशवाह, श्रीमती मीणा ठाकुर, श्रीमती माधुरी परिहार, श्रीमती वंदना चौहान एवं श्रीमती शोभा ठाकुर को मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती रानी चौहान, श्रीमती निकिता ठाकुर को सर्वसम्मति से मनोनीत की गईं। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय विरांगना महासंघ के मुख्य संरक्षक डॉ. एम.एस.सिंह , मध्यप्रदेश वीरांगना की महासचिव श्रीमती रश्मि सिंह, प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती वदना सिंह एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सविता गोतम व अन्य सभी पदाधिकारी ने सभी मनोनीत कार्यकर्ताओं को बधाइयां देते हुए विश्वास प्रकट किया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पांढुर्णा जिले में विरांगनाओं के अधिकारों, सम्मान, सहयोग एवं संगठन विस्तार के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।



### ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान पखवाड़ा का आयोजन



**परासिया।** ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान पखवाड़ा विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आज दिनांक 18/01/2026 को शासकीय पेंचवली महाविद्यालय में मध्य प्रदेश के मुखिया एवं जन अभियान परिषद् के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव जी के आहवान पर जिला कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायण जी के दिशा निर्देश पर जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन जी के निर्देश पर ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री कमलेश उइके जिला पंचायत सदस्य छिंदवाड़ा एवं जिला महामंत्री भाजापा एवं श्री कुबेरसिंह सूर्यवंशी जनपद सदस्य परासिया एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, अतिथि जनपद पंचायत से श्वेता धीमान एवं विकास खंड समन्वयक श्री संजीव कुमार भावरकर जी मेंटर श्री शंकरराम प्रजापति, मनीष कैथवास, नविता सिंह, श्री रूपेश सूर्यवंशी जी सीएमसीएलडीपी स्टूडेंट ओर प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं नवांकुर संस्था नवचेतना पब्लिक वेलफेयर सोसायटी, सेवाभाव युवा मंडल, ग्रामोत्थान अंतोदय फाउंडेशन, संस्कार पब्लिक स्कूल के सदस्य उपस्थित रहे ।श्रीमती श्वेता धीमान उपयंत्री ने वीबीजी रामजी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री कुबेर सिंह सुरवंशी जी ग्रामोदय से अभ्युदय के सभी आयामों के बारे में आज के कार्यक्रम में विस्तारपूर्वक अपना व्याख्यान देते हुए सभी आए हुए प्रस्फुटन समिति के सदस्यों वह छात्रों को विस्तृत जानकारी दी।जिला पंचायत सदस्य कमलेश उइके ने मध्य प्रदेश शासन में चल रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिसमें प्रधानमंत्री आवास, योजना, लाडली बहना योजना ,जैविक कृषि , आयुष्मान योजना की जानकारी दी एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलवाई छात्रों को प्रमाणपत्र वितरण किया गया स्वल्पाहार एवं आभार प्रदर्शित किया गया एवं कार्यक्रम संपन्न किया गया। आज के कार्यक्रम का मंच संचालनश्री शंकर रामप्रजापति जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम में आए अतिथियों एवं सभी छात्र छात्राओं तथा नवांकुर संस्था प्रस्पूटन समितियों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त श्री मनीश कैथवास जी के द्वारा किया गया।

### सांसद से खिरसाडोह कॉलेज के प्राचार्य ने की भेंट



**परासिया।** सांसद बंटी विवेक साहू से 17 जनवरी को एच डी पाटिल प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज खिरसाडोह एवं स्टाफ द्वारा आगामी जन भागीदारी की बैठक हेतु सौजन्य भेंट की गई । जिसमें सांसद द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज खिरसाडोह के विकास के लिए हर सम्भव मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता दिखाई गई एवं संस्था के विषय में प्राचार्य द्वारा विस्तार पूर्वक चर्चा की गई ।

## मेधावी छात्र सम्मानित, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने अतिथियों का मोहा मन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

न्यू सनफ्लावर इंग्लिश एवं हिन्दी हाई स्कूल पिपला ना वार में वार्षिक उत्सव– का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुए इस कार्यक्रम ने नगरवासियों के लिए एक अमिट छाप छोड़ी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विजय चौरे,नप पिपला ना वार श्रीमती अरुणा कैलाश चौधरी, सदानंद डोंगरे, शिरीष श्रीकांत पांडेय उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति, लोक नृत्य और सामाजिक संदेशों पर आधारित नाटकों ने उपस्थित जनसमूह की खूब तालियां बटोरीं।

### प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

विगत 3 वर्षो के टॉपर को विद्यालय द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और खेल जगत के चमकते सितारों को जनप्रतिनिधियों के कर-कमलों द्वारा सम्मानित किया गया, जिंसमे छात्रा वैष्णवी दोबारे,महिमा भालेराव,रागिनी ठाकरे,सम्रद्धि भालेराव,प्राजक्ता राउत,युगांति महकारकर यशस्वी चौधरी,पूर्वा नाचनकर दिव्या सरोदे,दीप्ति मे ह का र क र , वं शि का मदनकर,प्रतीक पांडे,नंदिनी सतफले,कृतिका बांबल,कृतिका चौधरी,आचिता सरोदे तनुजा नाडेकर,यशस्वी थवले उर्वशी डोंगरे,इशांत वाहने,अयान शेख युगांति मेहकरकर,समृद्धि भालेराव दर्शना नाडेकर,मानसी चरपे मानसी पापड़कर शामिल है।

## एक फरवरी से पंकज स्टेडियम चांदामेटा में दिखेगा ब्लैक डायमंड फुटबॉल का रोमांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

एक फरवरी 2026 से आठ फरवरी तक पंकज स्टेडियम चांदामेटा में न्यू ब्लैक डायमंड ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जो कि जिले एवं प्रदेश का ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल टूर्नामेंट है जिसमें कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने सहभागिता की है आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं परासिया विधायक श्री सोहन बाल्मीकि ने बताया कि आयोजन में देश के विभिन्न प्रदेशों की राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल टीमें भाग लेंगीविजेता 75,000 नकद एवं ट्रॉफी के साथ प्रत्येक खिलाड़ी को पुरस्कार उपविजेता 50,000 नकद एवं ट्रॉफी के साथ प्रत्येक खिलाड़ी को इनाम के साथ साथ प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बेस्ट फॉरवर्ड बेस्ट डिफेंस बेस्ट गोलकीपर बेस्ट मिडफील्डर के साथ प्रत्येक मैच में मेन ऑफ द मैच टूर्नामेंट में भाग लेने वाली देश की प्रतिष्ठित टीमें तमिलनाडु पुलिस (तमिलनाडु), बालाघाट एकेडमी बालाघाट, बैंक ऑफ बड़ौदा मुंबई, एन.एफ.सी. नीमच, लॉयंस क्लब जबलपुर,नागपुर फुटबॉल क्लब नागपुर, झांसी फुटबॉल एकेडमी झांसी, राजस्थान पुलिस फुटबॉल टीम बीकानेर, ए.सी.बी., कोरबा छत्तीसगढ़,मैसर्स स्टार फुटबॉल क्लब बरकस हैदराबाद, लुका फुटबॉल क्लब केरल, जैन इरीगेशन SYT. LTD., जलगांव, रायसेन किड्स एफ.सी. रायसेन,सेंट्रल रेलवे मुंबई, ऊना एफ.सी. हिमाचल प्रदेश, अमर पाटन फुटबॉल क्लब मध्यप्रदेश, यंग बॉयज चांदामेटा, झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (JSSPS)।

## GST जांच में कंस्ट्रक्शन फर्मों से डेढ़ करोड़ सरेंडर कराए

### पूर्व मंत्री कावरे के भाई की हर्ष कंस्ट्रक्शन से दस्तावेज जब्त; वैनगंगा पर भी एक्शन

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट





बालाघाट में जीएसटी के एंटी इवेजन ब्यूरो की दो दिवसीय जांच पूरी हो गई है। इस दौरान हर्ष कंस्ट्रक्शन और वैनगंगा कंस्ट्रक्शन फर्मों में टैक्स संबंधी गड़बड़ियां पाई गईं, जिसके बाद फर्मों ने डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की राशि सरेंडर की है। हर्ष कंस्ट्रक्शन पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे के भाई कुमार कावरे की फर्म है।

ब्यूरो टीम द्वारा सरेंडर कराई गई कुल राशि में हर्ष कंस्ट्रक्शन ने 70 लाख रुपए और वैनगंगा कंस्ट्रक्शन ने 80 लाख रुपए से अधिक का भुगतान किया है। यह राशि नकद और आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) के माध्यम से जमा की गई है।

जबलपुर जीएसटी कार्यालय के अनुसार, जांच दल ने दो दिनों तक चार साल के व्यावसायिक दस्तावेजों की गहन पड़ताल की। प्रारंभिक जांच में टैक्स में अनियमितताएं सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई। टीम हर्ष कंस्ट्रक्शन से कुछ दस्तावेज भी अपने साथ ले गई है।

एंटी इवेजन ब्यूरो की टीम अब इन दस्तावेजों की आगे जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि टैक्स में गड़बड़ी जानबूझकर की गई थी या यह कोई त्रुटि थी। अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेजों की जांच जारी है और सरेंडर की गई राशि बढ़ भी सकती है।

जबलपुर एंटी इवेजन ब्यूरो की दो टीमों ने गुरुवार देर रात शहर की दो कंस्ट्रक्शन फर्मों, हर्ष और वैनगंगा के कार्यालयों पर छापा मारा था। टीमों ने दो दिनों तक टैक्स संबंधी दस्तावेजों की जांच की। हर्ष कंस्ट्रक्शन पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे के भाई कुमार कावरे की फर्म है। वहीं, वैनगंगा कंस्ट्रक्शन एक पार्टनरशिप फर्म है, जिससे जुड़े ठेकेदार घरडे के यहां पहले टीम पहुंची थी, जिसके बाद कार्यालय में जांच की गई।

सत्ताधारी सरकार के नेताओं से जुड़े होने के कारण इन फर्मों पर हुई इस कार्रवाई को लेकर लोगों में काफी दिलचस्पी रही। पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे वर्तमान में भाजपा के जिलाध्यक्ष भी हैं। जिससे जुड़ी हर्ष कंस्ट्रक्शन फर्म पर जीएसटी की जांच के बाद राजनीतिक हल्के में चर्चाएं गर्म हैं। दोनों ही जगह अलग-अलग टीमों की जांच में तकरीबन एक दर्जन से ज्यादा अधिकारी ने जांच की थी।

## ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत ग्राम उत्सव सम्मान समारोह



**लांजी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर पखवाड़ा के तारतम्य में महाविद्यालय लांजी में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय ग्राम उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### सम्मान समारोह

इस अवसर पर विधायक राजकुमार कर्राहे ने सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास भी जन अभियान परिषद के माध्यम से तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने गांव में संयुक्त परिवार में एक साथ रहने वाले श्री गणेश अगासे माणिकचंद पटले एवं 2 वर्षो से शराब त्यागने वाले श्रीचंद नागफासे तिलचंद बिसेन जैविक खेती करने वाले सुनील खरगाल सुखपाल भरें गौपालन करने वाले गौ पालक चंदलाल टेंमभरे लोकेश यादव महेंद्र रामटेककर मोटरसाइकिल चलाते समय सदा हेलमेट उपयोग करने वाले समल सिंह मसराम राधेश्याम दशहरिया युवा सफल उद्यमी विशाल तिडके ज्योति हटिले कांट्रेक्टर महेश नगपुरे को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### कार्यक्रम में उपस्थिति

कार्यक्रम में संतोष मोरघडे ने विवेकानंद जी के विचारों से अवगत कराया एवं युवाओं को उनके विचारों से अवगत कराया। श्री आर.आर सोनवाने प्राचार्य ने स्वैच्छिक रूप में छात्रों की फिल्ड वर्क अंतर्गत किए जा रहे सामाजिक कार्य की सराहना की। श्यामलाल पांडे ने परिषद के पारमार्थिक कार्य संयुक्त परिवार शराब मुक्त जैविक खेती में कार्य कर रहे लोगों को सम्मानित प्रोत्साहित करना आदर्श रूप प्रस्तुत करना आवश्यक है। जिसमें और भी लोग प्रेरित होंगे।

### आयोजन

कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा किया गया था। जिसमें सेक्टर लांजी भानेगाव बोले गांव दहेगाव बहेला सेक्टर के प्रस्फुटन समिति सदस्यों सहित लवकुश यादव रमेश असाटकर घनश्याम पारधी मुनेश पटले सोनकर जी एवं परामर्शदाता अशोक घरते निलेशवर ठाकरे ज्योति शकरपुडे सहित 300 ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों एवं एम्एस डब्ल्यू बीएसडब्ल्यू छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। मंच का संचालन विजय हटिले सर द्वारा किया गया।

### मुख्य नहर की छोटी केनाल में अतिक्रमण

## व्यर्थ बह रहा पानी, गहरी नींद में सोया सिंचाई विभाग

कटंगी



कटंगी शहर के अर्जुननाला के वार्ड क्रमांक 02 का एक हिस्सा जिसमें कृषि भूमि यानी खाली खेत और आवास शामिल है। वह जलमग्न हो गया है। जिस कारण स्थानीय रहवासियों को परेशानी हो रही है। जलभराव के बाद पानी में कई तरह के कीट-पतंगे पनप रहे है जो शाम होते ही घरों में आ रहे है। यहां पर मध्यम सिंचाई परियोजना नहलेसरा जलाशय की मुख्य नहर का पानी व्यर्थ में जमा हो रहा है जबकि यह पानी जरूरतमंद किसानों के खेतों तक पहुंचना था। दरअसल, जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की घोर लापरवाही की वजह से कुछ स्थानीय लोगों ने मुख्य नहर की छोटी नाली पर अवैध अतिक्रमण कर लिया है। यह अतिक्रमण काफी पुराना है। जिसे हटाने की हिम्मत आज तक विभाग नहीं जुटा पाया है। जिससे नहर का पानी छोटी नाली के जरिए आगे किसानों के खेतों तक नहीं बढ़ पाता। पानी नहीं मिलने से कई किसानों से रबी की फसल लगानी ही बंद कर दी है। वहीं कई जगह पर कुछ लोगों ने नहर की पार को तोड़ दिया है। इस वजह से भी पानी नहर से बहने की बजाए खाली खेतों और आवासीय कालोनी के आस-पास जमा हो रहा है। रविवार की सुबह 10 बजे अपनी इस परेशानी को लेकर स्थानीय रहवासी मनोज चौहान ने जल संसाधन विभाग के उपयंत्री से शिकायत की। उपयंत्री ने कर्मचारियों को भेजकर टूटी हुई नहर की मरम्मत करवाई। स्थानीय रहवासियों की माने तो जब भी नहर में पानी छोड़ा जाता है। यह समस्या खडी हो जाती हैं इस समस्या का स्थाई समाधान नहर की छोटी नाली से अतिक्रमण को हटाकर ही किया जा सकता है जिस ओर विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं है।

नहर या उसके किनारे की सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा होने से सिंचाई बाधित हो रही है। इस कारण कई किसानों ने रबी के सीजन में फसल लगाना ही बंद कर दिया है। छोटी केनाल में जल निकासी रुक रही है और अर्जुननाला में जलभराव की समस्या बन रही है। काफी लंबे अर्से से विभाग का ध्यान इस ओर आकर्षित करवाया जाता रहा है ताकि नहर का अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हो परंतु विभाग के कानों में जूं नहीं रेंग रही। बता दें कि नहरों की सफाई का काम विभाग का है किंतु जब अर्जुननाला के कुछ किसानों को पानी की आवश्यकता होती है तो वह स्वयं के व्यय पर छोटी नहर की सफाई करवाते थे। इसी से परेशान होकर किसानों ने अब रबी के सीजन में फसल लगानी छोड़ दी है।

### इनका कहना है-

किसी ने नहर फोड़ दी थी। जिस कारण अर्जुननाला में जलभराव की स्थिति बनी पता करवाया जा रहा हैं कि किसने नहर फोड़ा था उसे नोटिस जारी करवाया जाएगा।

**आकाश मेश्राम उपयंत्री**

### यात्री ट्रेन के इंजन से उठा धुंआ

## यात्रियों में मचा हड़कंप, आग लगने की फैली अपवाह



**कटंगी।** गोंदिया से चलकर बालाघाट होकर कटंगी की ओर आने वाली लोकल मेमू यात्री ट्रेन में आग लगने की अफवाह से रेल में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। यह पूरी घटना गोंदिया से कटंगी की ओर आने वाली यात्री ट्रेन क्रमांक 78803 की है। रविवार की सुबह करीब सवा 11 बजे सेरपार चौकी के पास ट्रेन के इंजन में अचानक से धुंआ उठता दिखाई दिया। जिसके बाद लोको पायलट ने सेरपार चौकी में ही ट्रेन को रोक दिया। लोको पायलट के मुताबिक ट्रेन के इंजन के एक वॉल में शार्ट सर्किट होने से धुआं उठ रहा था। अग्निशामक यंत्र से शार्ट सर्किट पर काबू पाया गया और धुंआ उठना शांत हो गया। इधर, इंजन से धुंआ उठता देख इंजन में आग लगने की चर्चा होनी लगी और चंद सेकंड में पूरी ट्रेन में सवार यात्रियों के बीच आग लगने की खबर तेजी से फैल गई। ऐसे में ट्रेन के रुकते ही उसमें सवार सभी यात्री अपना सामान लेकर नीचे उतरने लगे और यहां अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। लोको पायलेट ने जानकारी देते हुए बताया कि वॉल में शार्ट सर्किट होने की वजह से धुंआ उठा था आगजनी की घटना नहीं हुई। इंजन में आई इस तकनीकि खराबी की वजह से करीब 20 मिनट तक यात्री ट्रेन सेरपार चौकी में ही खड़ी रही और सुधार के बाद कटंगी स्टेशन पहुंची। घटना के बाद कई यात्री ट्रेन में पुनः सवार होने में संकोच कर रहे थे। यह ट्रेन दोपहर 12 बजे कटंगी से पुनः गोंदिया की ओर रवाना हुई।

गोंदिया से चलकर कटंगी की ओर आने वाली इस यात्री ट्रेन में हादसे के वक्त करीब 3 सौ से अधिक यात्रियों के सवार होने का अनुमान है। घटना के वक्त ट्रेन में सवार एक यात्री ने बताया कि घटना के बाद सभी यात्री सहम गए थे। इसलिए जैसे ही ट्रेन के पहिए थमे सारे यात्री अपनी जान की परवाह में नीचे उतर आए। हालांकि जैसे ही यात्रियों को समझ में आया कि घटना बहुत गंभीर नहीं है तो सभी ने राहत की सांस ली।

## पांढरीपाठ दरबार में नंदी महाराज को दी नम आंखों से बिदाई

### अस्वस्थता से नंदी के निधन पर मंदिर समिति ने किया अंतिम संस्कार

**लांजी।** धर्मनगरी लांजी के ग्राम वारी स्थित खराड़ी जलाशय की पहाड़ी पर विराजमार मां पांढरीपाठ धाम जो लांजी सहित जिला मुख्यालय एवं आसपास के राज्यों में भी गौसेवा के लिये सुप्रसिद्ध है। यहां दो दशकों से भी अधिक समय से गौसेवा की जा रही है और सुबह-शाम गौमाताओं की पूजा अर्चना की जाती है। अपने इसी क्रम में एक अध्याय और जोड़ते हुए मां पांढरीपाठ दरबार के संरक्षक एवं पंडा रेखलाल कावरे एवं संरक्षक डॉ. सुधीर दशरिया द्वारा पिछले 15 दिनों से अस्वस्थ हुए नंदी महाराज का लगातार इलाज कराया गया परंतु 18 जनवरी की दोपहर 12 बजे नंदी महाराज का निधन हो गया। नंदी के निधन पर मंदिर समिति द्वारा एक अनोखी मिसाल पेश करते हुए नंदी महाराज के शव को पूरी आस्था के साथ भक्तों द्वारा अपने कांधे पर मंदिर की सीढिय़ों के रास्ते नीचे लाया गया एवं उनका अंतिम स्नान कराने के पश्चात विधि विधान से पूर्जा अर्चना की गई। इस दौरान मंदिर में मां पांढरीपाठ एवं गौमाताओं के दर्शन के लिये पहुंचे श्रद्धालुओं ने नंदी महाराज के पैर छूकर आर्शीवाद लिया और मंदिर समिति के इस पुनीत कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की। नंदी महाराज की अंतिम यात्रा के दौरान पंडा बाबा रेखलाल कावरे ने बताया की उक्त नंदी महाराज हमारे मंदिर में दान में मिली गौमाता से प्राप्त हुए पहले नंदी थे जो पिछले दो सप्ताह से अस्वस्थ थे जिनका चिकित्सकों से काफी इलाज कराया गया परंतु पिछले तीन दिनों से वह उठ बैठ भी नहीं पा रहे थे जिसकी वजह से 18 जनवरी की दोपहर 12 बजे उन्होने अपनी देह त्यागी है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से चरवाह एवं मवेशी घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अरी थाना क्षेत्र के बस स्टैंड में एक ट्रक ने चरवाहा एवं मवेशियों को टक्कर मार घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि स्यामु यादव (30) मवेशी चयते. के लिए बस स्टैंड की तरफ से जा रहा था। तभी सिवनी की तरफ से तेज गति से टक चालक ने टक्कर मार दिया। हादसे में श्याम एवं मवेशी घायल हो गए। श्याम को उपचार के लिए 108 की मदद से अस्पताल ले जाया गया। शिकायत पर पुलिस टक चालक पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### उधारी के पैसे मांगने पर मारपीट

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र दलसागर तालाब चौपाटी के पास दो लोगों ने एक युवक की मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि सिराज इलाही उर्फ अरमान पिता शहजाद इलाही (26) निकासी संजय वार्ड घायल अवस्था में थाना पहुंचकर बताया कि घायल नागपुर से खरीदी कर सिवनी में बस स्टैंड के आसपास कपड़े बेचता है। चार दिन पहले पैसों की जरूरत पडऩे पर अपनी मोटर साइकिल को मस्सु निवासी बोरदेही के पास गिरवी रखकर रुपए लिया था। पैसे के लेनदेन को लेकर आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 जिला स्तरीय जूडो चयन स्पर्धा आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जनवरी 2026 जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता के निर्देशन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सिवनी द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय जूडो चयन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। यह चयन स्पर्धा 19 जनवरी 2026 (रविवार) को श्री महावीर व्यायामशाला, सुभाष वार्ड, सिवनी में आयोजित की जाएगी।
प्रतियोगिता में 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका जूडो खिलाड़ी भाग लेंगे।
जूडो कोच गोपाल कुशवाहा ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय जूडो संघ के नियमों के अनुसार विभिन्न वजन वर्गों में किया जाएगा। जिला स्तरीय स्पर्धा में चयनित खिलाड़ी आगामी संभाग एवं राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में सिवनी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।
कोच गोपाल कुशवाहा ने यह भी स्पष्ट किया कि खिलाडिय़ों को प्रतियोगिता के समय आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्कूल/निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। निर्धारित समय पर उपस्थित न होने वाले खिलाडिय़ों को चयन प्रक्रिया से वंचित किया जा सकता है।

### विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड सिवनी द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। सर्वप्रथम भारत माताजी और स्वामी विवेकानंद के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुश्री रेखा देशमुख मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रही, कार्यक्रम प्रथम में विकास खंड समन्वयक मोनिका चौरसिया के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि जन अभियान परिषद महापुरुषों की जयंती का आयोजन करते हुए समाज को महापुरुषों के जीवन आदर्शों के संदेश को समाज तक पहुंचाने का प्रयास करता रहता है । इसी श्रृंखला में आज का यह आयोजन संपन्न किया जा रहा है। जिसमें स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के आयोजन के साथ-साथ 12 जनवरी से 26 जनवरी तक ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# अज्ञात कारणों के चलते कोल्ड ड्रिंक दुकान में लगी आग दुकान का सारा समान जलकर हुआ खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।



नगर के मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने स्थित एक कोल्ड ड्रिंक दुकान में रविवार तड़के अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई जिससे दुकान के अंदर रखा समान जल कर खाक हो गया।
प्राप्त जानकारी अनुसार राजनगर कॉलोनी निवासी ठाकुर नितिराज सिंह की वेफर्स और कोल्ड ड्रिंक के ठेले में रविवार को सुबह-सुबह लगभग 6 बजे के आसपास अज्ञात कारणों से आग लग गई जो देखते देखते भड़क गई साथ ही अपना भीषण रूप आग ने ले लिया जिससे लोहा की टीन शेड से बना ठेला आग के गोले में तब्दील हो गया और अन्दर रखा हुआ सारा समान जलकर खाक हो गया।
वहीं दुकान संचालक नितिराज द्वारा बताया गया कि अचानक आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट होने की आशंका है जिससे ठेले पर आग लगी। साथ ही आग लगने की सूचना सड़क से सुबह सुबह निकल रहे स्थानीय लोगों के द्वारा दी गई जिसकी सूचना तत्काल छपारा पुलिस सहायता 112 एवं नगर परिषद को दी गई, जिसके बाद ही अग्निशमन वाहन और स्थानीय लोगों द्वारा द्वारा मौके पर पहुंच आग को बुझाई गई इसके बाद भी तब तक दुकान के अंदर रखा लगभग ढेड़ लाख रुपए कीमत का समान जलकर खाक हो गया वहीं पूरा मामला पुलिस ने अपनी जांच में ले लिया साथ ही पुलिस की तफ्तीश जारी है।

# सूने घरों मे चोरी करने वाले चोर चढ़े कोतवाली पुलिस के हत्थे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चोरी एवं नकबजनी के अपराधों के रोकथाम के लिए निर्देश प्राप्त होते रहें हैं जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं जो इसी क्रम में चोरी की 03 घटनाओं का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया हैं।
उल्लेखनीय है कि दिनांक 08/01/2026 को प्रार्थिया रुकसाना बेगम निवासी घसियारी मोहल्ला सिवनी द्वारा रिपोर्ट लेख कराई गई कि इसके मकान से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोडक़र अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी 50000 रुपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 20/2026 धारा 331(4), 305 (र) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।
इसी प्रकार दिनांक 14/01/2026 को प्रार्थी वजीर खान निवासी सूफी नगर सिवनी रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 14/01/2026 को सुबह इसके इसके मकान से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोडक़र अलमारी में रखे सोने की अंगूठी के जेवरात एवं नकदी 7700/- रुपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 27/2026 धारा 331 (4), 305 (र) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।
उक्त घटना को अंजाम देने करने वाले अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई एवं उक्त दोनों घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया गया जो वजीर खान के मकान में एक संदिग्ध मोबाइल एवं संदिग्ध उनी गरम टोपा मिला जिसकी जांच करने पर उक्त मोबाइल फोन कोतवाली थाना क्षेत्र का शातिर हिस्ट्रीशीटर अफरोज उर्फ बिजली का होना पाया गया जिसकी संभावित स्थानों में तलाश पतासाजी की जाकर मटन मार्केट के पास से मिलने पर थाना लाकर बारीकी पूछताछ की गई जिसके उक्त दोनों स्थानों पर चोरी करने के साथ-साथ विश्वनाथ नगर कबीर वार्ड थाना डुण्डासिवनी में एक सूने मकान में चोरी करने की नीयत से घर का ताला तोडना बताया पर आरोपी के घर से उक्त प्रकरण की चोरी की मशरुका एवं नकदी रुपये विधिवत जप्त की जाकर आरोपी की गिरफ्तारी की गई है एवं आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सिवनी भेजा गया है।

# विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 27 को राजश्री पैलेस में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सकल हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति के संरक्षण और जनजागरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियानों की कड़ी में आगामी 27 जनवरी को एक विशाल विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य कार्यक्रम स्थानीय राजश्री पैलेस (राजश्री लॉन) के प्रांगण में संपन्न होगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समाज के युवाओं और प्रबुद्ध जनों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक रविंद्र अग्रवाल ने सम्मेलन की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में एकता और वैचारिक स्पष्टता लाना है। उन्होंने जानकारी दी कि सम्मेलन में स्वामी प्रज्ञानंद महाराज के आशीर्वचन एवं दिल्ली से आए प्रख्यात अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय और विचारक शामिल होंगे। ये वक्ता समसामयिक विषयों, कानूनी पहलुओं और सांस्कृतिक मूल्यों पर अपना ओजस्वी वक्तव्य देंगे। रविंद्र अग्रवाल ने कहा आज के समय में समाज को अपने अधिकारों और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। दिल्ली से आ रहे विषय विशेषज्ञ समाज को विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।राजश्री पैलेस में होने वाले इस सम्मेलन के लिए सकल हिंदू समाज की टोलियां घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रही हैं। आयोजन समिति का लक्ष्य है कि इस कार्यक्रम में भारी संख्या में मातृशक्ति, युवा और वरिष्ठ नागरिक शामिल हों। लॉन में बैठक व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।
स्थानीय पदाधिकारियों का मानना है कि इस तरह के सम्मेलनों से सामाजिक समरसता बढ़ती है। सम्मेलन में केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और समाज सुधार से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ होगी, जिसके बाद मुख्य वक्ताओं का संबोधन शुरू होगा।

# मेडिकल कॉलेज के नाम मिलता जुलता खाता खुलवाकर 4.66 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी के नाम का दुरुपयोग कर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के प्रकरण में एफआइआर दर्ज की है। अधिकारियों के अनुसार आरोपित स्पर्श उर्फ अंकुर अग्रवाल के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है, यह प्रकरण मेडिकल कॉलेज में दुकानों की नीलामी व विद्यार्थियों की मेस में सप्लाई दिलाने का झूठा भरोसा देकर दो व्यक्तियों से 4 करोड़ 66 लाख 68 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने पर दर्ज किया है।
आरोपित स्पर्श अग्रवाल फरार बताया गया है, जिसे ईओडब्ल्यू तलाश रही है। अधिकारियों के अनुसार 25 सितंबर 25 को नेहरू रोड निवासी सुयश अग्रवाल व रामकुमार सुहाने ने दो पृथक-पृथक शिकायतें ईओडब्ल्यू को देते हुए कहा था कि आरोपित स्पर्श उर्फ अंकुर अग्रवाल ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नाम व प्रतिष्ठा का दुरुपयोग करते हुए कॉलेज में दुकानों की नीलामी तथा विद्यार्थियों की मेस में सप्लाई दिलाने का झूठा भरोसा देकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की गई है।
मामले की जांच में सामने आया कि आरोपित स्पर्श उर्फ अंकुर पुत्र किशोर अग्रवाल (26) ने सुनियोजित तरीके से प्रार्थी सुयश अग्रवाल से 4 करोड़ 21 लाख 65 हजार रुपये तथा रामकुमार सुहाने से 45 लाख 3 हजार रुपये इस तरह कुल 4 करोड़ 66 लाख 68 हजार रुपये की संगठित आर्थिक धोखाधड़ी की गई है। जांच में पता चला कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी वर्ष 2024 से संचालित है।
विद्यार्थियों की मेस का संचालन किसी भी प्रकार की आधिकारिक निविदा से नहीं किया जाता। इसका संचालन विद्यार्थी स्वयं सहकारी व्यवस्था से करते हैं। कॉलेज प्रबंधन ने किसी दुकान की ना तो नीलामी है, ना ही किसी व्यक्ति को मेस, कैंटीन या दुकान संचालन करने अधिकृत किया है।
पीड़ितों को बताया कॉलेज डीन से है जान-पहचानजानकारी के अनुसार अनाज ट्रेडिंग व्यवसायी सुयश अग्रवाल व होटल व्यवसायी राम कुमार सुहाने से आरोपित स्पर्श उर्फ अंकुर अग्रवाल पहले से परिचित था। करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के संबंध में प्रार्थियों ने 25 सितंबर 2025 को दो अलग-अलग शिकायतें दी थी।




इसमें बताया किया कि फूड सप्लाई के नाम पर आरोपित ने कॉलेज में आना-जाना शुरू किया, रामकुमार सुहाने के होटल से अस्थायी रूप से मेस संचालन सप्लाई शुरू करवाई। इसके बाद आरोपित ने धीरे-धीरे कालेज के विद्यार्थियों-संबंधित लोगों के बीच अपनी पहुंच दिखाते हुए रामकुमार सुहाने का भरोसा जीत लिया। उन्हें नियमित रूप से मेस में फूड सप्लाई का काम दिलाने का आश्वासन दिया। इसी आधार पर आरोपित ने प्रार्थी सुयश अग्रवाल से कहा कि वह कॉलेज प्रशासन से अधिकृत है, डीन से उसकी जान-पहचान है व कालेज में दुकानों की नीलामी होने वाली है जिसमें वह सुयश को दुकान दिलवा देगा।
जीएमसी के नाम से खाता खोलकर जमा कराए करोड़ रुपये
जांच में पता चला कि आरोपित स्पर्श अग्रवाल ने सुनियोजित तरीके से जी.एम.सी. सिवनी नाम से एचडीएफसी बैंक कचहरी चौक शाखा में एक चालू खाता खुलवाया, यह शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी का आधिकारिक बैंक खाता नहीं था, बल्कि आरोपित की निजी प्रोपराइटरशिप फर्म का खाता था।--जीएमसी सिवनी का नाम गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज सिवनी से मिलता-जुलता रखकर लोगों को भ्रमित करने आरोपित ने इसे खुलवाया था। आरोपित ने स्वयं को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से अधिकृत व्यक्ति बताकर पीड़ितों से कहा कि दुकान व मेस के लिए आवश्यक धनराशि जीएमसी सिवनी के बैंक खाते में जमा करना है, जो सरकारी व सेफ है। आरोपित ने फरवरी 2025 में दुकानों की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ होने की जानकारी सुयश अग्रवाल को दी थी। नीलामी हेतु भुगतान करने की बात कही थी।
मेडिकल कॉलेज के नाम पर बनाए फर्जी पत्र
इस संबंध में डीन जीएमसी सिवनी के नाम से संबोधित एक आवेदन-पत्र देकर कहा गया कि निविदा क्र. 148 दिनांक 1 फरवरी 2025 के अंतर्गत सामान्य कोटे से दुकान आवंटित होगी। इसके लिए चेक के माध्यम से जीएमसी के बैंक खाते में सीधे राशि जमा करने कहा गया। यह भी आश्वासन दिया गया कि दुकान न मिलने पर रकम वापस कर दी जाएगी। इसी तरह जनवरी 2025 में प्रार्थी रामकुमार सुहाने को आरोपित ने यह बताया कि बायस मेस, गर्ल्स मेस सहित वर्तमान में संचालित तीन मेसों के लिए यूजी विद्यार्थियों की भोजन व्यवस्था हेतु कोटेशन की बकाया राशि जमा करनी है।
कुछ राशि वह स्वयं जमा कर चुका है और शेष राशि जमा करने प्रार्थी से कहा गया। राशि जमा करने जीएमसी सिवनी के डीन कार्यालय से एक कूटरचित (फर्जी) पत्र भी दिया गया।
शेयर ट्रेडिंग में लगाई धोखाधड़ी से अर्जित करोड़ों की धनराशि
दुकानों की नीलामी में भाग लेने फरवरी से मार्च 2025 के बीच अलग-अलग तिथियों में चेक, आरटीजीएस व एनईएफटी माध्यम से प्रार्थी सुयश अग्रवाल ने 4 करोड़ 21 लाख 65 हजार रुपये की राशि जीएमसी सिवनी नाम के बैंक खाते में जमा कराई। इसी तरह प्रार्थी रामकुमार सुहाने ने विद्यार्थियों की मेस में नियमित सप्लाई व सुरक्षा निधि के नाम पर 15 हजार एक हजार रुपये के तीन चैक 45 लाख 3 हजार रुपये की राशि इसी बैंक खाते में जमा कराई। संपूर्ण राशि अपने व्यक्तिगत बैंक खाते (एचडीएफसी व आईडीएफसी बैंक) में आरोपित ने स्थानांरित करवा ली। बैंक स्टेटमेंट के विश्लेषण से पता चला कि यह राशि आरोपित ने शेयर ट्रेडिंग प्लेटफार्म (जिरोधा एप) से खर्च की। प्रार्थियों से प्राप्त धनराशि का उपयोग न तो किसी वैध व्यवसाय में किया, ना ही कॉलेज से संबंधित किसी कार्य में किया गया। तथ्यों का सत्यापन व विषलेषण के बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने आरोपित स्पर्श उर्फ अंकुर अग्रवाल के खिलाफ धारा 318(4) (धोखाधड़ी), 338 (मूल्यवान संपत्ति के संबंध में कूटरचना), 336(3) (दस्तावेजों की कूटरचना) तथा 340(2) (कूटरचित दस्तावेजों का असल उपयोग) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। ईओडब्ल्यू प्रकरण में आगे की विवेचना कर रहा है।

# जिला कांग्रेस ने पानी की गुणवत्ता को लेकर उपवास किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कचहरी चौक में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में बदलाव कर काम के कानूनी अधिकार को समाप्त करना, इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई मौत, प्रदेश में पानी की गुणवत्ता को लेकर उपवास किया गया।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने उपवास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस की सरकार द्वारा चलाई गई जनहितैषी योजना जिसमें गरीब, मजदूर किसानों को रोजगार की गारंटी थी इस योजना में 90 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा और 10 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाती थी, किन्तु केन्द्र की मोदी सरकार ने इस योजना के स्वरूप में बदलाव करते हुए 60 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार वहन करेगी, वर्तमान में मध्यप्रदेश सरकार कर्जे में चल रही है इस योजना के लिए राशि नहीं है यह बात केन्द्र सरकार भी अच्छे से जानती है केन्द्र सरकार की मंशा इस योजना को बंद करने की है। महात्मा गांधी के नाम का परिवर्तन जो मोदी सरकार ने किया है इससे स्पष्ट होता है कि स्वतंत्रता संग्राम के नायकों से भाजपा को कितनी नफरत है गांधी जी के संघर्षो के कारण दुनिया में भारत को एक पहचान मिली है योजना का नाम बदल देने से महात्मा गांधी की पहचान नही मिट सकती। इंदौर में भागीरथपुरा की घटना ने पूरे देश के लोगो को झगझोर कर दिया है लेकिन भाजपा सरकार इतनी बेशर्म हो गई है कि इतनी मौतों के बाद भी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। यदि भाजपा सरकार में जरा भी संवेदनशीलता होती तो वह बडबोले नगरीय प्रशासन मंत्री का तुरंत स्तीफा मांग लेती।बरघाट विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि बरघाट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मानेगांव की एक 20 वर्षीय बच्ची जो कि इंदौर में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही थी दूषित पेयजल के कारण आज उसकी मौत हो गई ना जाने और कितने ऐसे बच्चे जो कि इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहें है दूषित जल से बीमारी का शिकार हो रहें है लेकिन प्रदेश के बेशर्म मुख्यमंत्री मोहन यादव को कोई फर्क नही पड़ रहा है। उपवास धरना को जेपीएस तिवारी, मोहनसिंह चंदेल, अतुलचंद मालू, विष्णुकरोसिया, शिव सनोडिया, राजिक अकील, दुपेन्द्र लकी अमुले, विजय उइके, राहुल उइके, मुबारक खान, संजय बैस ने भी सम्बोधित किया।
सुरेन्द्र करोसिया, प्रकाश सूर्यवंशी, यशपाल भलावी, सुजीत नाहटा, आजम दीवान अली, श्रीमती गीता सिंह ठाकुर, श्रीमती नीकिता सिंह, नितिन डहेरिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष तनवीर अहमद, रंजीत यादव, आदित्य मोन्टू भूरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश सनोडिया, राजू सनोडिया, संजय बघेल, किशोरी कुंजाम, विजय उइके, राहुल उइके, अशोक नरेती, फिरोज खान, हुकुमचंद सनोडिया, शिवदीप डहेरिया, नेमकुमार जैन, राजीव मधुक्रिडिया, तबरेज पटेल, नन्दू यादव, नब्बू भाई, शिबू सेंगर, जोएब जकी अनवर खान, मनीष अग्रवाल, सोहेल अमन खान, सुजीत गोदरे, टीकाराम पटले, करन सिंह, कैलाश अवधिया, मुन्ना सेन, सतेन्द्र बघेल, राजेन्द्र कुडोपे, शिवम उइके, प्रशांत उइके, राजा सरयाम, गुलशन अहिरवार, कैलाश महोबिया, डालचंद पप्पू पुसाम, सुमित मरावी, हरिओम जंघेला, परमानंद जंघेला, मो. इरशात कादरी, राहुल चौधरी, जयप्रकाश यादव, मुज्जू पटेल, कुलदीप काकोडिया, सुनील माथुर, राजिक अहमद, अनीश अहमद सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन हथनापुर मे आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन मे हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ग्राम हथनापुर मे आयोजित भव्य विशाल हिन्दू सम्मेलन मे शामिल हुए। आज सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हथनापुर मे सकल हिन्दू समाज द्वारा आयोजित भव्य विशाल हिन्दू सम्मेलन मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शामिल हुए तथा मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन-अर्चन कर नमन किया। जहां पर आयोजन समिति द्वारा आपका अतिथि सत्कार किया गया। इस दौरान विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने पंडाल मे उपस्थित सनातनी बंधुओं के साथ बैठकर भक्तिभाव से भजनों का गायन किया। तथा क्षेत्रीय जनों एवं धर्मप्रेमियों से भेंटकर कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे सनातन धर्म प्रेमी बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

# सकाटा के जंगल में आयोजित किया गया अनुभूति कार्यक्रम, मिट्टी का बाघ रहा आकर्षण का केन्द्र

अरी । बफर जोन वन परिक्षेत्र अरी के अंतर्गत सकाटा के जंगल में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया । अरी वन परिक्षेत्र बफर जोन के सकाटा सर्कल में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अनुभूति कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को प्रेरकों के द्वारा कराया गया जंगल का भ्रमण वन अमले द्वारा सुबह 7 से 1 तक जंगल का भ्रमण कराया गया। प्रेरक मनीष शिव और नदीम खान ,धीरज भलावी के द्वारा अनुभूति कैंप सकाटा की साइट को इतनी सुंदर तरीके से तैयार किया गया कि बच्चों एवं अतिथियों सहित सभी लोगों ने इस सुंदरता को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। वहीं फूलों की वर्षा से स्वागत किया गया बच्चों का जिसमें मास्टर ट्रेनर अनिल चौधरी और पंकज ने जंगल में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे की जानकारी दी गई। जिसमें फलदार वृक्ष चार, भिलवा, हर्रा, बेहेड़ा, आंवला, महुआ इसके अलावा आदि की जानकारी दी गई इमारती वृक्ष के अलावा औषधि में काम आने वाले पेड़ पौधों की भी जानकारी दी गई। प्रेरक मनीष शिव द्वारा द्वारा वन में पाए जाने वाले हिंसक व शाकाहारी पशु पक्षियों की जानकारी दी गई इसके अलावा वनों में पाए जाने वाले जहरीले जीव जंतु सांपों की भी जानकारी दी गई साथ ही विद्यार्थियों को जंगल से होने वाले फायदे भी विद्यार्थियों को बताया गया कि हमें जंगलों की रक्षा कैसे करना चाहिए वन प्राणियों की रक्षा कैसे करना चाहिए यदि जंगल में आग लगती है या कोई शिकार करता है। इसकी जानकारी विभाग के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को दे सकते हैं।



विद्यार्थियों को दोपहर में भ्रमण के बाद भोजन कराया गया भोजन कार्यक्रम में शिक्षक गण अतिथिगण एवं समस्त स्टाफ शामिल रहा इसके उपरांत मास्टर ट्रेनर द्वारा बच्चों में क्विज प्रतियोगिता कराई गई सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को बाघ की प्रतिमा, पेन प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में जो मुख्य आकर्षण का केंद्र पूरे कार्यक्रम में देखा गया जो इस समय चर्चा का विषय था वह श्रीमती आम्रपाली शिव जो की मनीष शिव वनरक्षक की धर्मपत्नी है द्वारा अपने हाथों से बनाया गया मिट्टी का बाघ था। जो अब तक जितने भी विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम हुए हैं उस कार्यक्रम में यह बाघ नवाचार बताया गया।फील्ड डायरेक्टर देवा जे. जनपद अध्यक्ष लोचन मर्सकोले ने बच्चों से बात मार्गदर्शन किया। वन परिक्षेत्र अधिकारी ओबेदुल्ला खान सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गणेश प्रसाद कुशराम सरेखा, फिरोज खान गगेरुआ, कृष्ण कुमार कांमडे, विजय कुमार वरकडे नेहलेसर्रा, मुकेश कुमरे सकाटा, संजय सिंह तेकाम बिसापुर माल, सभी सर्किलों के वनरक्षक एवं सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे अतिथियों , पंचायत समन्वय अधिकारी जे.पी. शिव, मानसिंह कटरे, हरेंद्र पटले जनपद सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## बिना नोटिस-बिना सुनवाई हटाए गए रोजगार सहायक की हुई बहाली

# कलेक्टर न्यायालय सिवनी में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद सोनी की दलीलों से बदला जिला पंचायत का आदेश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मनरेगा अंतर्गत ग्राम रोजगार सहायक की सेवा समाप्ति के मामले में मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने एक अहम और नजीर बनने वाला फैसला सुनाया है। शासन ने सिवनी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा पारित सेवा समाप्ति आदेश को निरस्त करते हुए रोजगार सहायक की पुनः बहाली के निर्देश जारी किए हैं। शासन ने स्पष्ट किया है कि बिना कारण बताओ नोटिस और बिना सुनवाई की गई एकतरफा कार्रवाई विधि सम्मत नहीं है तथा यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन है।यह प्रकरण ग्राम पंचायत झालागोंदी, जनपद पंचायत कुरई में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक जगेन्द्र उइके से संबंधित है, जिनकी सेवाएं बिना पूर्व सूचना, बिना समुचित जांच और बिना सुनवाई के समाप्त कर दी गई थीं। इस आदेश को चुनौती देते हुए रोजगार सहायक की ओर से कलेक्टर न्यायालय सिवनी में अपील प्रस्तुत की गई, जहां वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद सोनी ने पूरे मामले में तथ्यात्मक और प्रभावी पैरवी की।
न शिकायत की प्रति, न सुनवाई का अवसर
वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद सोनी ने कलेक्टर न्यायालय के समक्ष तर्क रखा कि न तो रोजगार सहायक को शिकायत की प्रति उपलब्ध कराई गई और न ही जांच के दौरान अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया।


अधिवक्ता प्रमोद सोनी

बिना साक्ष्य, बिना गवाह और बिना किसी ठोस आधार के सीधे सेवा समाप्ति का आदेश पारित कर दिया गया, जो शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

### जांच प्रक्रिया में उजागर हुईं गंभीर खामियां

शासन स्तर पर की गई समीक्षा में यह तथ्य भी सामने आया कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा स्वयं कोई स्वतंत्र जांच नहीं की गई और न ही अपीलकर्ता को जांच रिपोर्ट की प्रति प्रदान की गई। खास बात यह रही कि जिला पंचायत की जांच रिपोर्ट में स्वयं यह उल्लेख किया गया था कि मानवीय दृष्टिकोण से रोजगार सहायक को एक अवसर दिया जाना चाहिए।
बिना नोटिस कार्रवाई पर शासन सख्त
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि किसी भी ग्राम रोजगार सहायक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई से पूर्व कारण बताओ नोटिस जारी करना, निष्पक्ष जांच कराना तथा सुनवाई का अवसर देना अनिवार्य है। छोटी या प्रक्रियात्मक त्रुटियों के आधार पर सीधे सेवा समाप्ति जैसे कठोर कदम उठाना नियम विरुद्ध है। इन सभी तथ्यों को गंभीरता से लेते हुए शासन ने सेवा समाप्ति आदेश को विधि विरुद्ध करार दिया।

### मनरेगा कर्मियों के लिए बड़ी राहत

इस निर्णय को मनरेगा अंतर्गत कार्यरत ग्राम रोजगार सहायकों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही शासन ने यह स्पष्ट संदेश भी दिया है कि भविष्य में यदि अनुशासनात्मक कार्रवाई में प्राकृतिक न्याय, पारदर्शिता और शासन के दिशा-निर्देशों की अनदेखी की गई, तो ऐसे आदेश शासन स्तर पर निरस्त किए जाएंगे।

### समर्थन मूल्य पर अवैध रूप से धान खपाने का मामला उजागर

# परसवाड़ा थाने में चार आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला सामने आया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर परसवाड़ा थाने में चार व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जबलपुर से मंडला के लिए धान परिवहन की अनुज्ञा जारी कराई गई थी, जिसके बाद मंडला से महाराष्ट्र के गोंदिया के लिए धान परिवहन की अनुमति दर्शाई गई। लेकिन जांच में सामने आया कि यह धान गोंदिया न ले जाकर बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों में अवैध रूप से खपाया जाना था।

परसवाड़ा एसडीएम श्रीश प्यासी द्वारा दिव्या पेट्रोल पंप के पास ट्रक क्रमांक MP-09HH-3261 एवं CG-15-DH-6573 को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि भारती ट्रेडर्स जबलपुर एवं हनु ट्रेडिंग कंपनी जबलपुर से कमल किशोर ट्रेडर्स मंडला के नाम पर धान परिवहन किया गया और बाद में मंडला से गोंदिया के लिए अनुज्ञा जारी कराई गई थी। परंतु धान को परसवाड़ा तहसील के धान खरीदी केंद्रों में खपाने की योजना थी।





जांच के दौरान यह भी सामने आया कि जिले में अवैध रूप से लगभग 32 ट्रकों के माध्यम से 6163 क्विंटल धान खरीदी केंद्रों पर खपाए जाने की संभावना है। ट्रक चालकों ने बताया कि यह धान परसवाड़ा तहसील के ग्राम झिरिया निवासी बिचौलिए राजेन्द्र रहांगडाले के लिए लाया गया था। पूछताछ में राजेन्द्र रहांगडाले ने भी भोरवाही एवं बघोली धान खरीदी केंद्रों में धान खपाने की बात स्वीकार की है।

इस मामले में परसवाड़ा के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुरेश धोटे द्वारा परसवाड़ा थाने में ट्रक चालक आकाश यादव, बलराम यादव, कमल किशोर ट्रेडर्स मंडला के प्रोपराइटर कमल आहूजा तथा बिचौलिए राजेन्द्र रहांगडाले के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।कार्रवाई के दौरान ट्रकों में लाए गए 1500 बोरी में 599 क्विंटल धान को जब्त कर चंदना वेयरहाउस के सुपुर्द कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा मामले की विस्तृत जांच जारी है और आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वन विभाग ने जब्त किया वाहन ,सागौन से भरी पिक-अप छोड़कर भागे तस्कर

**हरिभूमि न्यूज** कटंगी।

तिरोड़ी तहसील के वन क्षेत्र से बेशकीमती ईमारती लकड़ी सागौन की अवैध कटाई और तस्करी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बात के लगातार संकेत मिल रहे है। वन विभाग ने शुक्रवार की सुबह करीब 09 बजे सीतापठोर से सुकली महकेपार मुख्य सड़क मार्ग के बीच ईमारती लकड़ी सागौन के लट्ठों से भरी एक लावारिस पिक-अप वाहन को जब्त किया है। यह पिक-अप वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क से नीचे उतरकर एक पेड़ से जाकर टकरा गई है। वाहन का एक पिछला टायर गायब हैं।

संभवत यह अनुमान लगाया जा रहा है टायर निकलने से वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से जाकर टकरा गया। इस घटना के बाद तस्कर वाहन को लावारिस हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए। शुक्रवार की सुबह वन विभाग को सागौन के लट्ठों से भरी पिकअप वाहन की जानकारी मिली। दोपहर 12 बजे तक विभाग ने मौका स्थल पर कागजी कार्रवाई पूरी कर वाहन को जब्त करने की कार्रवाई की है।

बता दें कि पिकअप में रजिस्ट्रेशन नंबर तक अंकित नहीं है। केवल एमएच 40 ही अंकित प्रदर्शित हो पाया। वाहन किसका है सागौन कहां जा रहा था और किस जंगल से सागौन की कटाई हुई है। फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है। वन विभाग की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

गौरतलब हो कि 21 दिन पहले 25 दिसंबर 2025 की रात्रि वन विभाग की टीम ने कोयलारी बीट के भाग-2 के कक्ष क्रमांक 788 में पिक-अप वाहन क्रमांक एम 40 सीएम 3729 को सागौन की अवैध तस्करी करते हुए पकड़ा था। इस मामले में राजेश पिता महेश वड़ीचार निवासी महकेपार के खिलाफ वन अपराध दर्ज किया गया था जबकि अन्य 5 आरोपियों के फरार होने की जानकारी वन विभाग ने दी थी। वन विभाग ने आरोपियों की तलाश किए जाने की बात कहीं थी। इस घटना के ठीक 21 दिन बाद फिर से सागौन के लट्ठों से भरी एक पिक-अप वाहन को सुकली से महकेपार सड़क मार्ग के बीच लावारिस हालत में जब्त किया गया है। यह घटना बता रही है कि सागौन



तस्कर अब भी पहले की तरह ही सक्रिय और वन विभाग निष्क्रिय है। पूर्व की कार्रवाई में पकड़े गए आरोपी राजेश वड़ीचार ने सागौन के लट्ठों की महाराष्ट्र तस्करी होने की बात बताई थी। सागौन की तस्करी पठार अंचल के चोर रास्तों से होती है। इन ग्रामीण रास्तों से रात के अंधेरे में सागौन महाराष्ट्र के तुमसर, भंडारा और नागपुर तक पहुंचाया जाता है।

सागौन के पेड़ों की कटाई कुरई के अंतर्गत आने वाले ग्राम धोबीटोला और तिरोड़ी तहसील के दुल्हापुर से सटे एरिया में हो रही है। बीते दिनों यहां पर करीब 100 से अधिक सागौन के पेड़ काटे गए है जिनके ठूंठ आज भी यहां दिखाई दे रहे है। सूत्रों की माने तो इस एरिया में अब भी धड़ल्ले से सागौन के पेड़ों का कत्लेआम किया जा रहा हैं। अवैध कटाई में वन विभाग से लेकर राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के कथित संरक्षण की भी चर्चा चल रही है। इन चर्चाओं को तब और अधिक बल मिल जाता हैं जब इस तरह के वाहन जब्त होते है। वन विभाग कुरई के अधिकारी अंतिम छोर पर स्थित धोबीटोला गांव में कभी-कभार ही आते है और बिना जमीनी पड़ताल किए ही चले जाते है उन्हें तो शायद यह भी नहीं मालूम होगा कि विशालकाय सागौन के पेड़ों का कत्लेआम हो रहा है और उनके कर्मचारी ही इस कत्लेआम के संरक्षणकर्ता बने हुए है।

# मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा' के साथ जन चौपाल अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विधानसभा बैहर में मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता फैलाने और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से जन चौपाल अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की गई।जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट एवं विधायक विधान सभा बैहर श्री संजय उइके के द्वारा गांव-गांव जाकर आमजन,श्रमिकों और किसानों से सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है,ताकि मनरेगा की जगह पर लाए जा रहे विकसित भारत- रोजगार की गारंटी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) विधेयक,2025 से जुड़ी जमीनी समस्याओं को सामने लाकर सरकार तक उनकी आवाज़ पहुंचाई जा सके और मनरेगा को बचाया जा सके।




जन चौपाल अभियान कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष एवं विधायक श्री संजय उइके ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) देश की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसने गरीबों को रोजगार की गारंटी दी है।लेकिन वर्तमान समय में यह योजना गंभीर संकट से गुजर रही है। भाजपा सरकार के द्वारा मनरेगा के स्वरूप को बदलकर इसे समाप्त किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि मनरेगा मांग आधारित कानून था जबकि जी राम जी बजट आधारित है।इसमें केंद्र और राज्य के राशि का अनुपात 60:40 होगा जबकि मनरेगा में यह 90:10 हुआ करता था।राज्य सरकार जब तक 40 प्रतिशत की राशि जमा नहीं करेगी तब तक ग्रामीणों को कोई काम नहीं मिल सकेगा।जी राम जी में केंद्र का नियंत्रण अधिक होगा साथ ही इससे ग्राम सभा और ग्राम पंचायत के अधिकारों का हनन भी होगा।आज जन चौपाल अभियान कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत सिंघनपुरी के दोनों टोला,ग्राम पंचायत जमुनिया के ग्राम डोरली,ग्राम छोटे जमुनिया और बड़े जमुनिया,ग्राम पंचायत झामुल के बनियाटोला,ग्राम पंचायत अचानकपुर के लिम्हाटोला,ग्राम पंचायत पंडरिया के ग्राम पंडरिया में मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा का आयोजन किया गया।जन चौपाल अभियान के दौरान विधायक श्री संजय उइके के द्वारा ग्रामीणों को उनके अधिकारों की जानकारी भी दी गई।उनके द्वारा बताया गया कि मनरेगा कानून के तहत मजदूरों को काम मांगने पर 15 दिनों के भीतर रोजगार देना अनिवार्य था,समय पर मजदूरी न मिलने की स्थिति में रोजगार भत्ता देने का प्रावधान था और जॉब कार्ड धारकों को बिना कारण काम से वंचित नहीं किया जा सकता था।लेकिन केंद्र की सरकार ये सभी सुविधाएं समाप्त कर ग्रामीणों से रोजगार छीनने जा रही है। उन्होंने कहा कि नया बिल मनरेगा की मूल आत्मा को खत्म करेगी।साथ ही राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त इस नए बिल में 60 दिनों तक काम बंद रखने का प्रावधान है। यह मजदूरों के अधिकारों का हनन है।साथ ही मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना उनके ग्राम स्वराज के सपनों का अपमान है।नए बिल जी राम जी में कामों को लेकर निर्णय लेने की शक्ति अब ग्राम पंचायतों से छीनकर केंद्र सरकार के पास ज्यादा होगी।

कार्यक्रम के अंत में यह संकल्प लिया गया कि मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा को और व्यापक रूप दिया जाएगा तथा बैहर विधानसभा के प्रत्येक गांव तक जन चौपाल अभियान पहुंचाया जाएगा।ग्रामीणों ने एकजुट होकर मनरेगा की रक्षा और अपने हक के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया।आज मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा जन चौपाल अभियान में जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट एवं विधायक विधान सभा बैहर श्री संजय उइके के साथ जनपद पंचायत बिरसा की अध्यक्ष सविता धुर्वे,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बिरसा हेमंत साहू,जनपद सदस्य मनोरमा अगहन मात्रे,सरपंच ग्राम पंचायत सिंघनपुरी मोहनसिंह धुर्वे,सरपंच ग्राम पंचायत जमुनिया कुंवसिया मेरावी,सरपंच ग्राम पंचायत अचानकपुर विमल तिल्लासी, सरपंच ग्राम पंचायत पंडरिया साहरू मरकाम,अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिरसा नीलकंठ राहंगडाले,अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दमोह सुरेश पांजरे,शिवग्वाल,मतीन खान,मथुरा मरकाम,संजयवाहने,देवराज धुर्वे,सूरज,धनीराम मरकाम,भक्तु मरकाम,नकुल मेरावी,मोहनलाल पांजरे,भाऊलाल,घमेर,सहित संबंधित ग्रामों के पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# उकवा वन क्षेत्र के लूद जलाशय में हुआ अनुभूति कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज,बालाघाट।**

रेशमसिंह धुर्वे प्रबंध संचालक जिला लघु वनोपज संघ बालाघाट एवंवनमंडल अधिकारी उत्तर बालाघाट (सामान्य) एवं तरुण कुमारडेहरिया उपवनमंडलाधिकारी उकवा (सामान्य) उपवनमंडल के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा (सामान्य) परिक्षेत्र के अंतर्गत 16 जनवरी को अनुभूति कार्यक्रम लूद जलाशय में आयोजित किया गया। जिसमें मैं भी बाघ, हम है बदलाव, हम है धरती के दूत थीम पर जानकारियों से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उकवा, पाथरी एवं शासकीय माध्यमिक शाला पाथरी के कुल 127 स्कूली छात्र-छात्राओं को वन क्षेत्र में ट्रेकिंग सहित वनों के महत्व एवं अन्य जानकारी से अवगत कराया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में अशोक मण्डलेकर, जिला अध्यक्ष जिला लघु वनोपज संघ मर्यादित बालाघाट, जेम्स बारिक अध्यक्ष सर्व धर्म सेवा समिति उकवा, विजय पटले अध्यक्ष भाजपा मंडल उकवा, मुरलीधर नर्सवानी पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल, तपेश घुले, गोस्वामी, वन सुरक्षा समितियों के अध्यक्ष, सदस्य स्कूल के शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।




विद्यार्थियों को वन भ्रमण के साथ-साथ ट्रेकिंग, पेड़ पौधों की जानकारी, तितलियों, पक्षी जल और थल, गिद्धों, बोल्डर चेकडैम, ब्रसवुड चेकडैम, ट्रांजैक्ट लाइन, वाटर होल, मुनारा, वन्यप्राणियों के पगमार्क एवं विष्ठा आदि से अवगत कराया गया। प्रेरक संतोष कुमार गौतम, वनपाल, धम्मदीप रोकड़े, वनरक्षक, प्रशांत चौरसिया, सचिन पदमें, राजेंद्र कुमार गणवीर, विनोद कुमार चौरे एवं अन्य वन कर्मचारियो द्वारा विद्यार्थियों को वनों का महत्व एवं वन्यप्राणियों तथा छोटे-छोटे कीट, पतंगों की सुरक्षा कैसे की जाये के संबंध में अनुभूति ब्रोसर अनुसार फील्ड में बताया गया तथा उनके महत्व को समझाया गया।

मुख्य अतिथियों, वन मंडल अधिकारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी कु. प्रियंका मरकाम, वन क्षेत्रपाल द्वारा वन एवं वन्य प्राणियों से संबंधित रोचक तथ्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया और वन एवं वन्य प्राणियों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी छात्र छात्राओं के साथ साझा की। एक प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान कु. महामाया पटले, द्वितीय स्थान पर कु. तमन्ना कुमरे, तथा तृतीय स्थान पर कु. रौनक ने प्राप्त किया सभी प्रतिभागियों को मंच से ही मुख्य अतिथियो द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### बोदा हाई स्कूल के प्राचार्य परबच्चों से साँफ सफाई कराने के लगे आरोप, प्राचार्य बोले-आरोप निराधार

# आम आदमी पार्टी ने की प्राचार्य पर कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज, बालाघाट।

**जिले के शासकीय हाईस्कूल बोदा में बच्चों से झाड़ू पोछा लगवाए जाने का एक वीडियो सामने आया हैं। स्कूल के प्राचार्य के.एल.तुरकर पर बच्चो से झाड़ू लगवाने और छात्रो के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने जैसे गंभीर आरोप लगे है इस मामले में आम आदमी पार्टी ने विरोध दर्ज कराया है और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं बोदा प्राचार्य ने आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि शिक्षकों के चंदे से सफाई कर्मी रखा गया हैं।**



आप पदाधिकारी मनोज पमनानी ने आप कार्यकर्ताओं के साथ इस मामले को लेकर गुरुवार को डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव से मिले और उन्हे एक ज्ञापन सौंपा गया हैं। उन्होंने शिकायत की हैं कि परीक्षा से पहले बच्चों के हाथों में किताबें होनी चाहिए, उनसे स्कूल के प्राचार्य के द्वारा झाड़ू लगवाई जा रही है। शिकायतकर्ता मनोज पमनानी ने बताया कि उन्होंने स्वयं बच्चों से झाड़ू लगवाते हुए वीडियो बनाया था। जब उन्होंने प्राचार्य से इस बारे में बात की, तो प्राचार्य ने कहा था कि स्कूल में चपरासी के लिए पैसे नहीं आते, इसलिए कभी-कभी बच्चों से काम करा लिया जाता हैं। पमनानी का आरोप हैं कि स्कूलों में यह प्रथा अभी भी जारी है और स्कूली बच्चों ने उन्हें इसकी जानकारी दी है। शिकायतकर्ता का कहना हैकि उनकी पार्टी और संगठन का मूल उददेश्य ही स्वास्थ्य और शिक्षा पर आधारित है उन्होंने प्रशासन से बच्चों से बाल श्रम कराने वाले जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। वही हाई स्कूल प्राचार्य के.एल. तुरकर ने आरोपों को निराधार बताया हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के चंदे से सावित्रीबाई नामक एक महिला को साफ-सफाई के लिए रखा गया हैं। प्राचार्य ने बच्चों से झाड़ू लगवाने के आरोपों से इनकार कियां हैं।

# अब ग्रामीण महिलाएं सिलाई कर करेगी परिवार की मदद

**हरिभूमि न्यूज, उकवाः।**

### महिलाओं को स्वावलंबी बनाने सीआरपीएफ ने किया सिलाई मशीन का वितरण

अब ग्रामीण महिलाओं को भी घर की छोटी छोटी जरूरतों के लिय किसी की राह नहीं देखनी होगी,या आपने आप को किसी से कम समझ कर किस्मत का या संसाधन के लिय कोसना नहीं पड़ेगा,क्योंकि अब ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 123 वी बटालियन के कमांडेंट हजारी लाल के नेतृत्व मे सिविक एक्शन प्रोग्राम अंतर्गत दक्षिण बैहर के बिठली पंचायत अंतर्गत आमानाला , बोड़की, हर्रानाला,कांग्रेवानी आदि ग्राम की अति जरूरत महिलाओं को एक महीने का सिलाई प्रशिक्षण मुफ्त प्रदान कर आज उन्हें निःशुल्क उषा कंपनी की सीलाई मशीन प्रदान की गई, इस अवसर पर कई महिलाओं ने कहा कि हमारी वर्षों से इच्छा थी,की घर में अतिरिक्त समय का सही उपयोग करे ,घर में बच्चों या या घर के छोटे छोटे सिलाई के कार्य घर पर करे ,परन्तु हम इतने सक्षम नहीं थे कि कभी सिलाई मशीन लेने का सोच पाए ,परन्तु आज केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 123 बटालियन के द्वारा आज वर्षों का हमारा सपना पूरा हुआ, और अब हम भी आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार को आर्थिक मदद करेंगे,



**अब नहीं रहेगी किसी पर निर्भर_ हजारी लाल**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कमांडेंट हजारी लाल ने कहा कि हमारी सोच है,की अंतिम छोर के व्यक्ति तक हम जितना संभव हो पहुंच सके, और उसे आत्म निर्भर बना सके, और इस कड़ी में सबसे पहले महिलाओं को स्वयं का रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से कंपनी द्वार गांव की महिलाओं मुफ्त में प्रशिक्षण प्रदान कर आज मशीन दी है, और एक ट्रेनर हमेशा इनके बीच में उपलब्ध रहेगा ताकि जब कभी इन कही कोई दिक्कत हो तो सिलाई में दक्ष ट्रेनर इनकी हर तरीके से मदद प्रदान करेंगे,अब तक यह लोग नक्सलियों के भय के कारण घर से निकलने और अन्य कार्यों के लिय संकोच करते थे,परन्तु अब संपूर्ण जिला नक्सल मुक्त होने पर लोग पुलिस के प्रति विश्वास जता हर सम्भव मदद के लिय आते है।

**ग्रामीण अंदाज में महिलाओं ने किया सम्मान**

आज केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा वितरण सिलाई मशीनों को प्राप्त कर महिलाओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा , और महिलाओं ने फोर्स को अपना परिवार का हिस्सा और अपना भाई कह आज ग्रामीण अंदाज में हृदय से सभी का सम्मान किया,महिलाओं ने स्वयं पहली बार माइक में खड़े होकर स्वागत गीत गा,अनेक आयोजन किए,जिसका सफल संचालन ट्रेनर छाया और अन्य बहनों ने किया।

**ये रहे उपस्थित**

बिठली आमानाला में आयोजित इस सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमांडेंट हजारी लाल, द्वितीय कमान अधिकारी अनूप कुमार सिंह,निरीक्षक मुकेश कुमार,ग्राम सरपंच मालती अर्जुन उईके,सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक,उपनिरीक्षक श्याम सुंदर,सहायक उपनिरीक्षक सी धुला भाई, हवलदार पठान जमीर खान, आरक्षक मयूर पहाड़िया,विमल कांत यादव,पुलिस पटेल मंगरू सिंह उईके, पत्रकार साथी आदि उपस्थित रहे।

# महर्षि विद्या मंदिर में कक्षा 9 'व्यास' के विद्यार्थियों द्वारा सामुदायिक भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज, बालाघाट।

**महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट में कक्षा 9 'व्यास' के विद्यार्थियों द्वारा सामुदायिक भोज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कक्षा अध्यापिका श्रीमती प्रकाशवती दीक्षित के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।**



इस सामुदायिक भोज में विद्यार्थियों ने पारंपरिक भारतीय व्यंजनों का आनंद लिया। मेन्यू में पूरी-सब्जी,आलू पराठा ,चटाका, दाल-चावल, खिचड़ी, पुलाव, सब्जी, इडली, ढोकला सलाद, दही, पापड़ तथा मिठाई के रूप में रसगुल्ले और लड्डू शामिल थे। विद्यार्थियों ने मिलकर भोजन की व्यवस्था की और एक-दूसरे के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपसी सहयोग, अनुशासन, स्वच्छता और सामाजिक समरसता की भावना विकसित करना था। विद्यालय के सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी और प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और भारतीय संस्कृति से जुड़ाव को मजबूत करते है।इस सामुदायिक भोजन में नीरज तिवारी, नीतेश कुमार मिश्रा, मनोज ज्योतिषी,योगेश चंद दुबे, सुदीप दासगुप्ता,वंदना चौरसिया,अभिलाषा अग्रवाल, विजया गांगुली ने शामिल होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया ,साथ ही सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

# मिरगपुर बस स्टैंड से मोहगांवघाट सड़क क्षतिग्रस्त, दुरस्त करने की मांग

**खैरलांजी**। क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम मिरगपुर गुडरूघाट बस स्टैंड से मोहगांव घाट सड़क जर्जर व क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसके कारण मार्ग से चलने वाले राहगीरो को परेशानी हो रही। जागरूक राहगीरो के द्वारा क्षतिग्रस्त मार्ग को दुरुस्त करने की मांग सड़क विभाग से की गई । जानकारी के अनुसार बस स्टैंड मिरगपुर गुडरूघाट से मोहगांवघाट तक लगभग दो किलोमीटर लम्बी दूरी का मार्ग है जो प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत आता है । मार्ग में जगह जगह से डामर की परत उखड कर गिट्टी निकल गई है और गड्डे निर्मित हो गए है जिसके कारण आवागमन प्रभावित होता है । मार्ग में आये दिन आवागमन की की व्यस्ता रहती है। चार पहिए और दो पहिए वाहनो का रोज आना जाना होता है । बस स्टैंड से अस्पताल के आगे तक सड़क अधिक क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे आवागमन बाधित होता है। सड़क का सुधार कार्य होने से राहगीरो को सुविधा होगी। राहगीरो के द्वारा सड़क विभाग से सड़क दुरस्त करने की मांग की गई। ताकि आने जाने वाले राहगीरो व ग्रामीणजनो को आवाजाही में सहूलियत हो सके।

